NEWS18 हिंदी राजस्थान

Sriganganagar News : प्रिंटिग प्रेस में बन रहा था नकली देसी घी, राजस्थान पंजाब और हरियाणा में होती थी सप्लाई

श्रीगंगानगर. राजस्थान में आए दिन नकली खाद्य पदार्थों के मामले पकड़े जा रहे हैं. स्वास्थ्य विभाग ने मिलावट के खिलाफ श्रीगंगानगर में बड़ी कार्रवाई करते हुए नकली देसी घी बनाने की फैक्ट्री का खुलासा किया है. स्वास्थ्य विभाग ने वहां से 400 लीटर से ज्यादा वनस्पति घी सहित विभिन्न ब्रांडों का पैकिंग मटेरियल भी जब्त किया है. यह मिलावटी देसी घी राजस्थान समेत पंजाब और हरियाणा तक सप्लाई किया जाता था. नकली घी बनाने की यह फैक्ट्री प्रिटिंग प्रेस की आड़ में चल रही थी.

जानकारी के अनुसार खाद्य सुरक्षा विभाग ने यह कार्रवाई गुरुवार रात को रीको इंडस्ट्रियल एरिया में की. खाद्य विभाग की छापामारी की भनक लगते ही मिलावटखोर वहां से फरार हो गए. टीम जब वहां पहुंची तो वहां नकली घी बनाए जाने की सामग्री समेत 400 लीटर से ज्यादा वनस्पति घी मिला. इसके साथ ही वहां विभिन्न ब्रांडों के पैकिंग मटेरियल पाया गया जिनमें इस घी को पैक किया जाता था. खाद्य विभाग की टीम ने यह सभी सामग्री जब्त कर ली.

मिलावटखोरों ने प्रिंटिंग प्रेस को किराए पर ले रखा था

टीम की प्रांरभिक जांच में सामने आया है कि यहां प्रिंटिग प्रेस की आड़ में यह कारोबार किया जा रहा था. यहां नकली देसी घी तैयार कर उसे राजस्थान के विभिन्न जिलों में सप्लाई किया जाता था. इसके साथ ही राजस्थान से सटे हरियाणा और पंजाब राज्य में भी इसे भेजा जाता था. मिलावटखोरों ने इस प्रिंटिंग प्रेस को किराए पर ले रखा था. बहरहाल खाद्य विभाग की टीम पूरे मामले की जांच में जुटी है.

Source: https://hindi.news18.com/news/rajasthan/sri-ganganagar-food-safety-department-sri-ganganagar-big-action-fake-desi-ghee-making-factory-exposed-8684293.html